प्रेस नोट

उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा सम्मिलित राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा–2024 (पी0सी0एस) का आयोजन प्रदेश के कुल 405 केन्द्रों पर दिनांक 14 जुलाई, 2024 को दो सत्रों में किया जाएगा। आयोग द्वारा उक्त परीक्षा हेतु समस्त तैयारियाँ पूर्ण कर ली गयी हैं।

परीक्षा को निष्पक्ष एवं शुचितापूर्वक सम्पन्न कराये जाने हेतु आयोग और शासन द्वारा सुरक्षा तथा गोपनीयता से संबन्धित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गयी हैं। सभी परीक्षा केन्दों और उनके निकटवर्ती स्थानों पर पुलिस/प्रशासन द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

अतः सभी परीक्षार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति के बहकावे में न आएं और अफवाहों से दूर रहें। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार के अनुचित साधनों का प्रयोग या परीक्षा की गोपनीयता भंग करने के प्रयास करने वालों के विरुद्ध उत्तराखण्ड प्रतियोगी परीक्षा नकल विरोधी अधिनियम –2023 व अन्य संगत कानूनी प्राविधानों के तहत कठोर कार्यवाही की जाएगी और ऐसे अभ्यर्थियों को आयोग की समस्त परीक्षाओं से सदैव के लिए प्रतिवारित (debar) किया जा सकता है।

अभ्यर्थियों को यह भी सलाह दी जाती है कि वर्षा ऋतु के दृष्टिगत अपने परीक्षा केन्द्र वाले गन्तव्य शहर में पर्याप्त समय पूर्व पहुँच जाएं, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव
उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग